राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2024/ दिनांकः

प्राचार्य/प्राचार्या,
संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः स्नातक सेमेस्टर प्रथम के नियमित छात्रों के माह दिसम्बर, 2023 (Held in Jan 2024) की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न करवाने एवं सतत मूल्यांकन के अंक अपलोड करवाने बाबत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा जारी पाठ्यक्रम एवं दिशा–निर्देशों का भली–भांति अवलोकन कर स्नातक सेमेस्टर प्रथम के नियमित छात्रों की माह दिसम्बर, 2023 (Held in Jan 2024) की प्रायोगिक परीक्षाऐं सम्पन्न कर अंक परीक्षा पोर्टल www.univraj.org पर College Pannel के माध्यम से दिनांक 10.02.2024 तक अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

साथ ही उक्त अवार्ड्स की हॉर्डकॉपी दिनांक 14.02.2024 तक आवश्यक रूप से गोपनीय अनुभाग को भिजवाये। यदि आपके विभाग/महाविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित छात्रों के अंकों को New TRF करके दर्ज किया जाता है तो उन छात्रों की सूची अनिवार्य रूप से कार्यालय को पत्र के माध्यम से प्रेषित करें। विभाग/महाविद्यालय द्वारा किसी भी नियमित छात्रों के अंकों को मैनुअल/ऑफलाइन भेजे जाते हैं, तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुये इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा इस संदर्भ में कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जावेगा, साथ ही यदि कोई महाविद्यालय सतत मूल्यांकन के अंक अपलोड करने से वंचित रह गया है तो उक्त अवधि के दौरान अपलोड करने का श्रम करें।

भवदीय,

sd/-

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2024/923-928 दिनांकः 23/01/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रो. जी.पी. सिंह, निदेशक (अकादमिक), रा.वि.वि., जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करावे।
3. उप–कुलसचिव (परीक्षा/नामांकन/शैक्षणिक–प्रथम), रा.वि.वि., जयपुर।
4. जन संपर्क अधिकारी, रा.वि.वि., जयपुर।
5. वरिष्ठ निजी सहायक, कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि., जयपुर।
6. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है उक्त सूचना को परीक्षा पोर्टल पर अपलोड करने का श्रम करें।

20.1.2024

उप कुलसचिव
(परीक्षा गोपनीय)

Scanned with CamScanner